खास समाचार

संविधान दिवस पर भाजपा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल सारंगपुर द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक योगदान दिया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, निलेश वर्मा, कमलेश टेटवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष करण गिरजे, पार्षद कुलदीप राठौर, बाबूलाल अहिरवार, भानु लवंशी, दिनेश शर्मा,बबलू मालवीय एवं प्रेम शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संविधान में निहित आदर्शों, समानता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र की एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया। देशवासियों को संविधान दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जय भीम, जय संविधान और जय भारत का उद्घोष किया।

अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान में 11 प्रकरण दर्ज



नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा संदिग्ध स्थलों, होटल एवं ढाबों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम आमलिया, वृत्त ब्यावरा में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 4 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। वहीं वृत्त राजगढ़ अंतर्गत रवि ढाबा, चौधरी ढाबा, लक्की ढाबा एवं लालपुर झाला में धारा 36 के तहत 7 प्रकरण दर्ज किए गए।

इस प्रकार कुल 11 प्रकरणों में लगभग 12.34 बल्क लीटर मदिरा विधिवत जब्त कर कब्जे में ली गई तथा प्रकरणों में विवेचना की जा रही है। जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके तहत संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी, रात्रिकालीन गश्त, रोड चेकिंग एवं आबकारी केंद्रों पर सतत निगरानी की जा रही है।

कालीसिंध नदी में डूबने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत



नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। कालीसिंध नदी के मथुरा घाट पर गुरुवार को डूबने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बालोंडी निवासी नारायण सिंह मालवीय पिता सेवाराम मालवीय उम्र 60 वर्ष के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार नारायण सिंह मालवीय रोजाना अपने गांव बालोंडी से सारंगपुर आते थे। गुरुवार को भी वह रोज की तरह सारंगपुर आए थे। इसी दौरान कालीसिंध नदी के मथुरा घाट पर किसी कारणवश वह नदी में डूब गए। नदी में डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक दीपक परमार और आरक्षक विनय बनवारी गुर्जर ने तत्परता दिखाते हुए नदी से शव को बाहर निकाला।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। फिलहाल बुजुर्ग के नदी में डूबने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

32 लोगों को अश्लील फोटो भेजने एवं युवती से पैसे मांगने वाला आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी तक पहुंची ब्यावरा पुलिस



नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़/ब्यावरा। शहर की युवती की अश्लील एडिटेड फोटो व्हाट्सएप पर भेजकर उसे फेसबुक एवं यूट्यूब पर मोबाइल नंबर सहित वायरल करने तथा समाज में बदनाम करने की धमकी देने वाले आरोपी अब ब्यावरा पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। साइबर की सहायता से आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिले में पुलिस द्वारा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

यह है पूरी घटना -

थाना ब्यावरा शहर क्षेत्र अंतर्गत निवासी युवती द्वारा थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 21 नवंबर 2026 की रात्रि करीब 10 बजकर 45 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके व्हाट्सएप पर मैसेज प्राप्त हुआ। उक्त व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप कॉल एवं मैसेज के माध्यम से युवती को धमकी दी गई कि उसकी फोटो फेसबुक पर वायरल हो रही है। आरोपी द्वारा युवती की अश्लील एडिटेड फोटो व्हाट्सएप पर भेजकर उसे फेसबुक एवं यूट्यूब पर मोबाइल नंबर सहित वायरल करने तथा समाज में बदनाम करने की धमकी दी गई। साथ ही आरोपी द्वारा युवती से पैसों की मांग करते हुए 10 मिनट का समय देकर जवाब देने के लिए अनैतिक दबाव बनाया गया।

युवती को किया परेशान

पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 938/2026, धारा 66श, 67 आईटी एक्ट एवं धारा 308(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना ब्यावरा शहर पुलिस द्वारा साइबर सेल की सहायता से तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का विश्लेषण कर आरोपी की पहचान की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन जप्त किया गया है।

आरोपी के मोबाइल फोन की जांच में अब तक कुल 32 लोगों को अश्लील फोटो भेजकर परेशान किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में भी पुलिस द्वारा आवश्यक जांच की जा रही है। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मोबाइल किया जप्त

ब्यावरा पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी लक्ष्मण विश्वकर्मा उर्फ गोलू विश्वकर्मा, पिता शंकर विश्वकर्मा, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम हिनौता, थाना दमोह, जिला दमोह को इंदौर से गिरफ्तार करते हुए उसके पास से घटना में प्रयुक्त होने वाल मोबाइल भी जप्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान, उप निरीक्षक विवेक शर्मा, प्रधान आरक्षक हेमंत, आरक्षक राहुल एवं साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

डंपर ने बाइक सवार ससुर-दामाद को मारी टक्कर,ससुर की मौत; दामाद गंभीर

नाईहेड़ा बायपास पर हुआ हादसा



नईदुनिया प्रतिनिधि जीरापुर। जीरापुर-सुसनेर मुख्य सड़क मार्ग पर नाईहेड़ा गांव के बायपास पर बुधवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार ससुर-दामाद को टक्कर मार दी। हादसे में ससुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। काफी समय निकल जाने के बाद एंबूलेंस पहुंची जिससे दोनों को सिविल अस्पताल जीरापुर पहुंचाया गया ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार धतुरिया निवासी देवीलाल वर्मा अपने दामाद मेलखेड़ी निवासी रामप्रसाद वर्मा के साथ बाइक से ताखला से जीरापुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान नाईहेड़ा बायपास पर तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की सफ्तार इतनी तेज थी की उसकी और उसकी टक्कर इतनी भीषण थी कि देवीलाल वर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि रामप्रसाद वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। यहां डॉक्टरों ने देवीलाल वर्मा को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रामप्रसाद को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया।

पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

पुलिस ने गुरुवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। और तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की बात दोहराई गई है।

मोहनपुरा में पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य में तेजी



नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़ । 25 मोहानपुरा समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत रेलवे क्षेत्र में रॉ-वॉटर पंपिंग मेन पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य 25 नवंबर 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है। पाइपलाइन शिफ्टिंग के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा पूर्व से ही आवश्यक तैयारियां एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर डॉ.मिश्रा द्वारा 23 नवंबर 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के पालन में पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रारंभ होने से पूर्व मोहानपुरा योजना के अंतर्गत लगभग 36 घंटे तक निरंतर पंप संचालित कर पानी की टंकियों को भरवाया गया। विभाग द्वारा की गई तैयारियों के तहत 23 नवंबर को कुल 88 टंकियां भरकर 369 ग्रामों में जल प्रदाय सुनिश्चित किया गया। इसी क्रम में 24 नवंबर को 89 टंकियां भरकर 374 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की गई। 25 नवंबर 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ एवं जिला पंचायत ब्यावरा तथा खिलचीपुर द्वारा सभी ग्रामों में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित रखने के लिए कुएं, नलकूप एवं हैंडपंप के माध्यम से निरंतर पेयजल उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंप एवं सिंगल फेज मोटर के माध्यम से पेयजल व्यवस्था बनाए रखने की जानकारी दी गई।25 नवंबर 2026 को शाम 4 बजे तक रॉ-वॉटर पंपिंग मेन के मार्ग में 150 मीटर पाइपलाइन की खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही लालगढ़ में भी पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रगतिरत है।पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए विभाग द्वारा दो शिफ्टों में कार्य कराया जा रहा है। प्रत्येक शिफ्ट 9 घंटे की निर्धारित की गई है। संबंधित निर्माण एजेंसी को पर्याप्त संसाधन एवं श्रमिक तैनात कर दिन-रात कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में मध्यप्रदेश जल निगम के महाप्रबंधक द्वारा भी आवश्यक जानकारी दी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक सुधार कार्य एवं वैकल्पिक स्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष का आज होगा स्वागत

नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़/ब्यावरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर के प्रथम आगमन को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। 27 नवंबर शुक्रवार को आयोजित युवा संकल्प यात्रा के दौरान नरसिंहगढ़ विधानसभा के पीलूखेड़ी से लेकर ब्यावरा तक जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। नवनियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की इस यात्रा को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। बड़ी संख्या में युवाओं के शामिल होने की संभावना है।

पीलूखेड़ी से प्रारंभ होगी संकल्प यात्रा

युवा संकल्प यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे पीलूखेड़ी से होगा। इसके बाद यात्रा बड़नगर जोड़, सेमलखेड़ी जोड़, कुरावर, माना, झालड़ा, जामुनियागौप चौहान, कोटरा, गांधीग्राम, अंबेडकर नगर और बोडा बायपास होते हुए दोपहर 1 बजे नरसिंहगढ़ पहुंचेगी। यहां विभिन्न स्थानों पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद छतरी चौराहा और नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा के निवास पर भी उनके कार्यक्रम निर्धारित किए गए है।



ब्यावरा में भारतमाता चौराहे पर होगी आरती

संकल्प यात्रा दोपहर के बाद में ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। जहां से गादिया जोड़, आंदलहेड़ा, सोनकच्छ, मलावर, पगारी बंगला, लसूडली, बारवां, बाईहेड़ा, खजुरिया, पीपलहेड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष युवामोर्चा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद टोल टैक्स, भोपाल बायपास, मुल्तानपुरा, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पीपल चौराहा, शहीद कॉलोनी गेट और बस स्टैंड होते हुए यात्रा रेलवे तिराहे पहुंचेगी।

युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में जिलाध्यक्ष के प्रथम आगमन को लेकर विशेष उत्साह है। जगह-जगह स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा का समापन शाम 6 बजकर 30 बजे भारत माता मंदिर पर भारत माता की आरती के साथ होगा।

भारत की धर्म-संस्कृति पर हमेशा गर्व होना चाहिएः पं. नागर

बेरियाखेड़ी में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मनाया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़/ब्यावरा । सुठालिया तहसील के ग्राम बेरियाखेड़ी में राठौर परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं। कथा के चतुर्थ दिवस गुरुवार को कथावाचक पंडित सतीश नागर महाराज ने व्यास पीठ से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की सुंदर कथा का रसपान भक्तों को कराया। वहीं भक्ति रस मे डूबें हुए श्रद्धालुओं ने भी कृष्ण के जन्मोत्सव को खूब सराहा और मनमुग्ध हो गए।

इस अवसर पर पंडित सतीश नागर महाराज ने कहा कि जहां प्रेम, त्याग और सच्ची श्रद्धा होती है ओर राजा हरिश्चंद्र जैसी सत्यता , वहां भगवान का आगमन होता है। भारत भूमि पर जन्म लेना परम सौभाग्य की बात है, क्योंकि यह भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की जन्मभूमि होने के साथ ही संतों और वीरों की पावन धरती है। उन्होंने कहा कि आज विदेशी लोग भी भारत की धर्म-संस्कृति और संस्कारों को अपना रहे हैं, इसलिए हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए।

उन्होने कहा की इस धरा पर जन्में हर एक जीव को यहां की अपनी संस्कृति पर गर्व करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है।

कथा के दौरान उन्होंने सत्य के मार्ग पर चलने को सबसे बड़ी भक्ति बताते हुए कहा कि जिस प्रकार ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक अच्छे शिक्षक की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार आध्यात्मिक ज्ञान और भवसागर से पार उतरने के लिए एक योग्य गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। गुरु ही मनुष्य को सही मार्ग दिखाकर जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होने यह भी कहा की भारत की भूमि वीरता और भावना के साथ आध्यात्मिकता संदेश की पूरे विश्व को देती आई है और दे रही है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम बेरियाखेड़ी में 23 नवंबर से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पंडित सतीश नागर महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समापन 29 नवंबर, रविवार को महाप्रसादी के साथ होगा।

समस्त ग्रामवासियों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

खारपा हाईस्कूल में मनाया संविधान दिवस



नईदुनिया प्रतिनिधि जीरापुर। शासकीय हाईस्कूल खारपा में बुधवार को संविधान दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन के साथ हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिवार के सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य राधेश्याम ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान बनकर तैयार हुआ था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान निर्माण में 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा। उन्होंने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया और संविधान सभा से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर शिवसिंह ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संविधान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वहीं हरीश ने मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए इनके पालन का महत्व समझाया। कार्यक्रम के दौरान देवेन्द्र जोशी ने सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित शिक्षकों को संविधान की शपथ दिलाई।

मेला टैक्स नहीं चुकाने पर झूला किया सील

कपिलेश्वर मेले में नगरपालिका की कार्रवाई



नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर धाम परिसर में आयोजित सात दिवसीय कार्तिक मेले में नगर पालिका ने मेला टैक्स जमा नहीं करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर पालिका की टीम ने मेला परिसर में झूला संचालित करने वाले कादर पिता आलम खान के झूले को सील कर दिया। बताया गया कि झूला संचालक द्वारा निर्धारित मेला टैक्स जमा नहीं कराया गया था, जिसके चलते नगर पालिका को यह कार्रवाई करना पड़ी।जानकारी के अनुसार कपिलेश्वर परिसर में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सात दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में बड़ी संख्या में दुकानें, झूले और मनोरंजन के अन्य साधन लगाए जाते हैं।

नगर पालिका द्वारा मेला परिसर में दुकानें एवं झूले लगाने वाले संचालकों से निर्धारित मेला टैक्स लिया जाता है। इसके बावजूद कुछ संचालकों द्वारा टैक्स जमा नहीं करने की शिकायत सामने आई थी। इसके बाद नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे के आदेश पर गुरुवार को नगर पालिका कर्मचारियों की टीम मेला परिसर पहुंची और टैक्स जमा नहीं करने पर एक झूले को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान मेला प्रभारी राजकुमार गिरजे, गोकुल पुष्पद, सचिन जाधव सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिका की इस कार्रवाई से मेला परिसर में टैक्स जमा नहीं करने वाले अन्य संचालकों में भी हलचल देखी गई।

दो सप्ताह से समग्र पोर्टल बंद, पंचायतों का कामकाज ठप्प

समग्र आईडी, विवाह पंजीयन, बच्चों के नाम जोड़ने जैसे जरूरी कार्य प्रभावित

नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। प्रदेश में ग्राम पंचायतों के माध्यम से संचालित होने वाले विभिन्न सरकारी कार्य इन दिनों समग्र एसपीआर पोर्टल में तकनीकी समस्या के चलते प्रभावित हो रहे हैं। करीब दो सप्ताह से पोर्टल सुचारू रूप से संचालित नहीं होने के कारण ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन कामकाज ठप पड़ा है। इसका खामियाजा पंचायतकर्मियों के साथ-साथ ग्रामीणों और हितग्राहियों को भी भुगतना पड़ रहा है। जरूरी काम करवाने के लिए ग्रामीण पंचायत कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत पड़ाना के रोजगार सहायक श्याम पाटीदार ने बताया कि समग्र एसपीआर पोर्टल के माध्यम से पंचायत स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। इनमें समग्र आईडी से संबंधित कार्य, विवाह पंजीयन, परिवार में बच्चों के नाम जोड़ना, नाम और उम्र में संशोधन सहित अन्य जरूरी ऑनलाइन सेवाएं शामिल हैं। लेकिन पिछले करीब दो सप्ताह से पोर्टल में तकनीकी समस्या बनी हुई है।

कई ग्राम पंचायतों में एक जैसी स्थिति

पड़ाना के अलावा क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों में भी यही समस्या सामने आ रही है। ग्राम पंचायत मऊ की रोजगार सहायक नेहा जायसवाल, रामपुरिया के रोजगार सहायक सिद्धनाथ जाट और मगराना के रोजगार सहायक बृज पाटीदार सहित अन्य पंचायतों के कर्मचारियों ने बताया कि पोर्टल सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा है। ऐसे में रोजगार सहायक चाहकर भी ग्रामीणों के जरूरी ऑनलाइन कार्य पूरे नहीं कर पा रहे हैं,

जरूरी कामों के लिए भटक रहे ग्रामीण

पोर्टल बंद होने का सीधा असर ग्रामीणों पर पड़ रहा है। लोग समग्र आईडी में संशोधन, नए पंजीयन, जन्म-मृत्यु संबंधी कार्य और पेंशन से जुड़े जरूरी काम करवाने पंचायत कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था बाधित होने के कारण उन्हें बिना काम करवाए ही लौटना पड़ रहा है। कई ग्रामीणों को एक ही काम के लिए बार-बार पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लगातार बनी इस समस्या से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीण रघु परमार, सौरभ परिहार, संतोष चतुर्वेदी, सुनील खाती, दिनेश विश्वकर्मा, रामपुरिया सहित अन्य ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से पोर्टल की तकनीकी समस्या का निराकरण करें।

